RKL/SX/2026-27/85 November 13, 2026

BSE Limited
Phiroze Jeejeeboy Towers
Dalal Street
Mumbai- 400001
Scrip Code: 532497

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot no. C/1,
G Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E)
Mumbai- 400051
Symbol: RADICO

Subject : Newspaper Advertisement – Public Notice regarding Loss of Share Certificate(s)

Ref. : Disclosure under Regulation 30 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")

Dear Sir/Madam,

Pursuant to the provisions of SEBI Listing Regulations read with SEBI Master Circular No. HO/38/13/(4)2026-MIRSD-POD/I/4298/2026 dated February 06, 2026, please find enclosed herewith copy of the newspaper advertisement published today i.e., November 13, 2026, in Hindustan, Moradabad Edition, regarding loss of share certificate(s) pertaining to shareholder(s) of the Company.

The copy of the newspaper publication is also being disseminated on Company's website at http://www.radicokhaitan.com/investor-relations/.

Kindly take the same on records.

Thanking You,
For **Radico Khaitan Limited**

Dinesh Kumar Gupta
Digitally signed by Dinesh Kumar Gupta
Date: 2026.11.13 14:58:52 +05'30'

Dinesh Kumar Gupta
EVP- Legal & Company Secretary

Encl.: as above
Email Id: investor@radico.co.in



सोशल मीडिया पर छाया रामपुर का 'कथित जमीन घोटाला'

रामपुर, प्रमुख संवाददाता। रामपुर में करोड़ों की जमीन का 'कथित घोटाला' दो दिन से सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। हालांकि, क्या सच है और क्या झूठ...यह तो जांच का विषय है लेकिन, फिलहाल जमीनों के कारोबार से जुड़े लोगों में खलबली मची हुई है तो प्रशासनिक हल्के में भी प्रकरण चर्चाओं में है। वहीं, राजस्व विभाग में हड़कंप है। डर सता रहा है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच हुई तो गर्दन फंसना तय है।

रामपुर में जेड-ए और नॉन जेड-ए जमीन सबसे बड़ी समस्या है। यहां ज्यादातर जमीन नॉन जेड-ए है। जिसकी खरीद-फरोख्त जब-तब यहां लोगों की मुश्किलें बढ़ाती है। कभी राजस्व विभाग का बुलडोजर ऐसी जमीनों पर चल जाता है तो कई बार कब्जाधारकों पर मुकदमें भी हो जाते हैं। जिसके चलते रामपुर में पूर्व में नॉन जेड ए जमीनों की रजिस्ट्री तक होल्ड कराई गई थीं। बावजूद इसके यह समस्या जस की तस है। ऐसे ही एक मामले में कमिश्नर कोर्ट के आदेश ने 'कथित घोटाले' का रूप ले लिया है। दो दिन से यह प्रकरण सुर्खियों में है। ऐसे में यदि इस प्रकरण की जांच शासन उच्चस्तरीय टीम से कराता है तो ही हकीकत सामने आ सकेगी। जिसमें कई संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की गर्दन फंसेगी।

> बड़े सतही तरीके से प्रकरण को पेश कर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। कमिश्नर कोर्ट के आदेश को पूरा पढ़कर देखेंगे तो स्थिति स्वत : स्पष्ट हो जाएगी। जांच हो, ताकि यह स्पष्ट हो सके किसके कहने पर जेडए जमीन को नॉन जेड ए किया गया, काश्तकार की जमीन को सरकार के नाम चढ़ाया गया। **-आन्जनेय कुमार सिंह,** तत्कालीन कमिश्नर

> मामला हमारे संज्ञान में है। जिनके नाम जमीन है, उनका रिकार्ड में ऑफ लाइन तो नाम चढ़ गया है लेकिन, ऑनलाइन नहीं हो पा रहा, जिसके बारे में यह हाईकोर्ट गए थे, वहां से डायरेक्शन आया, जिसके परिप्रेक्ष्य में हमने राजस्व परिषद से मार्गदर्शन चाहा है कि कैसे इसे ऑनलाइन दर्ज कराया जाए। **-अजय कुमार द्विवेदी,** जिलाधिकारी

बड़ा सवाल, कैसे बदला मालिकाना हक

जिस जमीन को लेकर सवाल उठ रहे हैं, उसके कागजों की तफ्तीश में एक बात तो साफ हुई है कि 1361 फसली खतौनी को देखें तो यह आराजी काश्तकार के नाम पर दर्ज है जबकि, 1995 में यह भूमि जेरे इंतजामियां कलेक्टर हो जाती है और 2003 में खतौनी में प्रांतीय सरकार के नाम चढ़ जाती है। कमिश्नर कोर्ट के आदेश भी तहसील सदर से प्राप्त रिपोर्ट में इसका उल्लेख किया गया है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि किस आधार पर किसी काश्तकार की जमीन पहले जिलाधिकारी और बाद में सरकार के नाम चढ़ जाती है, कैसे जेड ए को नॉन जेड घोषित किया जाता है।

संजय कपूर-मामून शाह की अपील पर सुनवाई टली

रामपुर। प्रदेश सरकार का पुतला फूंकने के मामले में 450-450 रुपये के जुर्माने से दंडित कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय कपूर और चेयरमैन पति मामून शाह की अपील पर गुरुवार को सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 23 नवंबर को सुनवाई होगी। जुलाई 2019 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कचहरी के निकट फेमिली चौराहे पर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। सिविल लाइंस कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें पूर्व विधायक संजय कपूर, तत्कालीन नगर अध्यक्ष नोमान खान समेत कई नेताओं को नामजद किया था।

प्रदेश 30s



कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में कार्यशाला की जानकारी दी।

कांग्रेस की चुनावी तैयारियां आज से शुरू

लखनऊ। कांग्रेस शुक्रवार से यूपी में औपचारिक रूप से चुनावी तैयारियों का आगाज करेगी। पार्टी प्रदेश स्तरीय कार्यशाला के जरिए कार्यकर्ताओं को इसकी रूपरेखा समझाएगी। कार्यशाला के संबंध में कांग्रेस अनूसूचित जाति विभाग के चेयरमैन एवं सांसद तनुज पुनिया ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना और यूपी प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और सह प्रभारी शामिल होंगे।

सांसद साक्षी एसओ से बोले, दलाली कराते हो

उन्नाव। मारपीट में घायल बुजुर्ग की मौत के बाद पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे सांसद साक्षी महाराज का थाना प्रभारी पर गुस्सा फूट पड़ा। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने नाम बताया तो सांसद ने तल्ख लहजे में कहा, 'काहे के बहादुर हो तुम। बहादुर होते तो तुम्हारे राज में ये होता क्या...मैंने कभी तुम्हें फोन किया क्या.. दलाली कराते रहते हो, ऐसी पुलिस मैंने कहीं नहीं देखी।' सांसद की नाराजगी का 50 सेकंड का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि आपका अपना अखबार हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

छूटे लोगों को वोटर बनवाएगी भाजपा

लखनऊ। भाजपा अब पूरा जोर नये और छूटे हुए मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराने पर लगाएगी। इस मुहिम को जमीन पर उतारने के लिए पार्टी शुक्रवार को प्रदेश स्तरीय कार्यशाला करेगी। राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली इस कार्यशाला को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह संबोधित करेंगे।

बागपत : घर से एक सप्ताह में 35 कोबरा निकले

बागपत/चांदीनगर। चांदीनगर के कहरका गांव में एक मकान से सांपों के निकलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दो माह से इस घर में लगातार सांप निकल रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में इस घर से 35 कोबरा सांप निकल चुके हैं। बुधवार रात भी घर में कोबरा निकलने से परिवार में दहशत फैल गई। सांप ने गाय के सात माह के बछड़े पर हमला कर दिया। हालांकि, परिजनों ने समय रहते बछड़े को बचा लिया। परिवार खौफ के साये में जीने को मजबूर हैं।

प्लाटून कमांडर और हवलदार भर्ती परीक्षा 22 को

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्लाटून कमांडर और हवलदार भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा जिला की सूचना जारी कर दी है। अभ्यर्थी इसे आयोग की वेबसाइट पर देख सकते हैं। प्लाटून कमांडर और हवलदार भर्ती परीक्षा 22 नवंबर को होगी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक सुभाष चंद्र प्रजापति की ओर से गुरुवार को जारी की गई है। इसके अलावा गन्ना पर्यवेक्षक और मोहर्रिर भर्ती मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन शुल्क जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

हिंदू मतदाता कम होने के बयान पर मांगें शपथ पत्र

लखनऊ। सपा प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री योगी द्वारा 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम गायब होने संबंधी दिए गए बयान पर नोटिस देकर उनसे शपथ-पत्र मांगने का अनुरोध किया है। प्रदेश सचिव केके श्रीवास्तव, राज्य कार्यसमिति सदस्य डा. हरिश्चंद्र सिंह, राधेश्याम सिंह द्वारा दिए ज्ञापन में कहा गया है कि विपक्षी नेताओं द्वारा मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाए जाने पर निर्वाचन आयोग ने नोटिस देकर उनसे शपथ-पत्र मांगा था।

सामाजिक परिवर्तन मोर्चे के गठन की घोषणा के दौरान बोले एआईएमआईएम अध्यक्ष

भाजपा को हराना है तो गठबंधन में साथ आएं अखिलेश : ओवैसी

पेशकश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसल्मीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि अगर भारतीय जनता पार्टी को हराना है तो सभी को साथ आना होगा। उन्होंने कहा कि सुन लो अखिलेश यादव, यह मजबूती का गठबंधन हैं, भाजपा को हराना है तो साथ आ जाइए। आजम खान किन लोगों की वजह से जेल में हैं? यह सब जानते हैं। हम हर पीड़ित के लिए लड़ेंगे। उन्होंने गुरुवार को ये बातें लखनऊ में सामाजिक परिवर्तन मोर्चे के गठन की घोषणा के दौरान पत्रकारों से कहीं।

ओवैसी ने कहा कि एसआईआर बैक डोर से एनआरसी है। ओवैसी ने कहा कि भाजपा को हरा पाने में नाकाम लोगों को वोट नहीं देना है। सीट बंटवारे पर बात हो चुकी है, सही वक्त आने पर बता देंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग हमें 'बी' पार्टी कहते हैं, वह अपना रिकार्ड उठाकर देखें। एमपी, उत्तराखंड, दिल्ली, बंगाल चुनाव में क्या हुआ? हम 'बी' पार्टी हैं या कांग्रेस, सपा जैसी पार्टियां। ओवैसी ने ऐलान किया कि सामाजिक परिवर्तन मोर्चा में सबका स्वागत है। मैं यकीन से कह सकता हूं कि भाजपा को तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए यह मजबूत विकल्प होगा। अल्पसंख्यकों का 90 प्रतिशत वोट हासिल कर रहे हैं, तब भी भाजपा को नहीं हरा पा रहे हैं।



लखनऊ में गुरुवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते एआईएमआईएम अध्यक्ष असदउद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी के मुखिया चन्द्रशेखर आजाद।

एक-एक मस्जिद के लिए लड़ेंगे: चंद्रशेखर

आजाद समाज पार्टी के मुखिया चन्द्रशेखर आजाद ने कहा कि उन्हें किसी को राष्ट्रभक्ति का सबूत देने की जरूरत नहीं हैं। सरकार को जवाब देना होगा कि वह सीमाओं की सुरक्षा क्यों नहीं कर पा रही है। अवैध मस्जिदों पर बुलडोजर की कार्रवाई पर चंद्रशेखर ने कहा एक-एक मस्जिद के लिए लड़ेंगे। जो भाजपा को रोकना चाहते हैं वो मेरे साथ शामिल हों। इस मोर्चा के गठन के लिए हमने कई प्रयास किए लेकिन अहंकार, महत्वाकांक्षा में डूबे लोगों ने ध्यान नहीं दिया।

भाजपा को 2-3% वोट की हानि: अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी विधानसभा चुनाव के लिए बनाए गए राजनीतिक परिवर्तन मोर्चे का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे भाजपा को 2-3 फीसदी वोटों की हानि और होगी। भाजपा तो कहीं की नहीं रहेगी। परिवर्तन होना ही चाहिए, लेकिन सच में सफलता तब मिलेगी जब 'राजनीतिक परिवर्तन मोर्चा' सक्रिय होगा।

कांग्रेस का तंज, अब अब्दुल क्या करेगा

लखनऊ। एआईएमआईएम और आजाद समाज पार्टी के गठबंधन को लेकर कांग्रेस नेता आसिम वकार ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री का चेहरा चंद्रशेखर को ही बना दिया, बताइए अब अब्दुल क्या करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का मुसलमान खुद तय करेगा कि इस बार प्रदेश का मुख्यमंत्री कौन बनेगा? उन्होंने कहा कि बहुत से लोग बीजेपी के लिए काम करते हैं।

शरीफ हत्याकांड: 48 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ

फॉलोअप

रामपुर। सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पर हमले में दोषी रहे मोहम्मद शरीफ को बाइक सवार बदमाशों ने थाने के पास ही गोलियों से भून दिया। ऐसे हाईप्रोफाइल मर्डर केस में 48 घंटे बाद भी रामपुर पुलिस खाली हाथ है।

खजुरिया थाना क्षेत्र के पनवड़िया में शरीफ की हत्या ने पुलिस के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। शरीफ थाने में पुलिस वेरिफिकेशन कराने पहुंचा था। वहां से निकलने के बाद महज 50 कदम की दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने उसे गोलियों से भून दिया। वारदात को अंजाम देने का तरीका बताता है कि हमलावरों को शरीफ की गतिविधियों और उसके आने-जाने की जानकारी थी। यही वजह है कि पुलिस अब केवल शूटरों की तलाश तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी मदद करने वालों की कड़ी भी जोड़ रही है। लेकिन, पुलिस की छह की छह टीमें फिलहाल, इस चर्चित हत्याकांड में खाली हाथ हैं। एएसपी अनुराग सिंह का कहना है कि शरीफ हत्याकांड के मामले की हर पहलू पर जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरा को भी चेक किया है। साथ ही किसी गैंग की साजिश है या नहीं उस बिंदु पर भी जांच की जा रही है।

सीआरपीएफ कैंप हमले में बरी गुलाब को किया सतर्क

बहेड़ी (बरेली)। रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर आतंकी हमले के मामले में बरी हुए शरीफ की हत्या के बाद पुलिस ने उसके बहनोई बहेड़ी निवासी गुलाब खां को भी सतर्क रहने की हिदायत दी है। सोशल मीडिया पर राहुल सिंह गैंग के नाम से हत्या की जिम्मेदारी लेने और अन्य बरी आरोपियों को भी जान से मारने की धमकी देने वाली पोस्ट सामने आने के बाद पुलिस ने यह कदम उठाया है।

शरीफ की हत्या के बाद जंग बहादुर की बढ़ी निगरानी

मुरादाबाद। रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमले के मामले में बरी हुए शरीफ की हत्या के बाद अन्य आरोपियों की सुरक्षा को लेकर भी पुलिस सतर्क हो गई है। हत्या की जिम्मेदारी लेने वाले राहुल सिंह के नाम से सोशल मीडिया पर अन्य आरोपियों को भी मारने की धमकी दी गई है। इसके बाद मूंढापांडे के मिलक कामरू निवासी जंग बहादुर उर्फ बाबा की निगरानी बढ़ा दी गई है। खुफिया तंत्र भी उस पर नजर रख रहा है। हालांकि, परिजनों का कहना है कि परिवार सामान्य जीवन जी रहा है और उन्हें कोई डर नहीं है।

पहचान छिपाकर रह रही श्रीलंकाई महिला गिरफ्तार

जांच शुरू

पूरनपुर (पीलीभीत)। श्रीलंका की एक महिला को आठ साल पहले प्रेमी के साथ भारत आकर पहचान छिपाकर रहने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला वर्ष 2019 में तीन महीने के टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी। यहां उसने पीलीभीत के पूरनपुर निवासी मोहम्मद इमरान से कोर्ट मैरिज कर ली। शादी के बाद उसका नाम बदलकर जैनब बेगम रख दिया गया और वह अपनी असली पहचान छिपाकर रहने लगी।

आरोप है कि वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी वह भारत में अवैध रूप से रह रही थी। इस दौरान इमरान ने ग्राम प्रधान और उसके प्रतिनिधि नजीब की मदद से उसके फर्जी स्थायी निवास और पहचान संबंधी दस्तावेज तैयार कराए। 26 जुलाई 2021 को महिला ने बरेली पासपोर्ट कार्यालय में दूसरे पासपोर्ट के लिए आवेदन किया। पुलिस ने इमरान, महिला, ग्राम प्रधान, नजीब और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ केस किया।

मस्जिद के निर्माणाधीन हिस्से पर चला बुलडोजर

संभल

कांफूरपुर,(संभल) संवाददाता। जिले के ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर सकता में गुरुवार को प्रशासन ने भारी पुलिस बल के साथ मस्जिद के नवनिर्माण हिस्से को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। करीब 130 वर्ग मीटर जमीन पर कराए जा रहे निर्माण को हटाने के लिए दो बुलडोजर लगाए गए। सुबह 11:15 बजे शुरू हुई कार्रवाई दोपहर 1:35 बजे तक चली। इस दौरान मस्जिद के मुख्य गेट, दो शौचालय, कोठरी, हॉल, दीवारें और वजू स्थल को ध्वस्त कर किया गया। हॉल के ऊपर पड़े टीन शेड को हटाने का काम भी जारी रहा। प्रशासन ने वक्फ बोर्ड से नए निर्माण की अनुमति नहीं मिलने और नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर यह कार्रवाई की।

एसडीएम ने बताया कि संबंधित संपत्ति वक्फ बोर्ड में दर्ज है और उस पर बिना अनुमति नया निर्माण कराया जा रहा था।



असमोली के गांव कुतुबपुर सत्ता में मस्जिद के निर्माणाधीन हिस्से को ध्वस्त करती जेसीबी।

बिजली कनेक्शन की भी होगी जांच : एसडीएम

एसडीएम विकास चंद्र ने बताया कि निर्माण कराने वालों को नोटिस जारी कर वक्फ बोर्ड की अनुमति के संबंध में जवाब मांगा गया था, लेकिन कोई अनुमति पत्र या संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर निर्माण हटाने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि मस्जिद परिसर में बिजली कनेक्शन के संबंध में भी बिजली विभाग से जांच कराई जाएगी।

विस चुनाव : नकदी व शराब बांटने वालों पर कड़ी नजर

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। यूपी में विधानसभा चुनाव वर्ष 2027 की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में 18-18 टीमें चुनाव में नकदी, शराब, मादक पदार्थ व अन्य प्रलोभनकारी वस्तुओं के बांटे जाने पर नजर रखेंगी। नौ टीमें उड़ाका दस्ते (एफएसटी) की व नौ स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) की रहेंगी। अंतर्राष्ट्रीय व अंतर्राज्यीय सीमाओं पर चेक पोस्टों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। केंद्र व राज्य सरकार की 23 प्रवर्तन एजेंसियां इस कार्य में लगेंगी।

गुरुवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने केंद्र व राज्य सरकार की 23 प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की। जिसमें ईडी, आयकर, कस्टम, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया व सशस्त्र सीमा बल इत्यादि के अधिकारी मौजूद रहे। ऐसे संवेदनशील विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जहां पर चुनाव में अधिक खर्चा किए जाने की संभावनाएं हैं, उनको जल्द चिह्नित किया जाएगा।

'आजम खां पर लगे सभी मुकदमे झूठे'

गाजियाबाद। डासना जेल में बंद सपा नेता आजम खान से गुरुवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने मुलाकात की। मुलाकात के बाद शिवपाल ने कहा कि अब केवल न्यायालय से उम्मीद है। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम और चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के गठबंधन पर कहा कि ये लोग बीजेपी को हटाना नहीं चाहते।

शिवपाल यादव ने मुलाकात के बाद पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि शासन और प्रशासन उनका उत्पीड़न कर रहा। उन पर लगाए सभी मुकदमे झूठे हैं। आजम खा का दोष केवल इतना है कि उन्होंने गरीब बच्चों के लिए विश्वविद्यालय बनाया।

आजम को अज्ञात स्थान पर ले जाने पर चिंता जताई

गाजियाबाद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजम खान को डासना जेल से अज्ञात स्थान पर ले जाने की खबर पर चिंता जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर प्रशासन से आजम खान की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। अखिलेश यादव ने लिखा कि प्रशासन की जिम्मेदारी है कि उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए।

विधायक निधि के कामों में देरी न होने पाए: केशव

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विधायक निधि से वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत कामों में तेजी लाने तथा समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इन कामों में अनावश्यक देरी नहीं होना चाहिए। कामों का भुगतान पोर्टल के माध्यम से किया जाए तथा दूसरी किस्त काम होने के बाद दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विधायक निधि के लंबित प्रस्तावों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर उपलब्ध कराए जाएं।

फर्जी डिग्री से नौकरी कर रहे शिक्षकों की होगी जांच

लखनऊ। यूपी के परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों बीएड की फर्जी डिग्री लेकर नौकरी कर रहे शिक्षकों की जांच की जाएगी। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से ऐसे शिक्षकों की जांच कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नए सिरे से जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट तैयार करने में हो रही देरी पर नाराजगी भी जताई गई है।

डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की शैक्षिक सत्र 2004-05 की बीएड की फर्जी डिग्री लगाकर नौकरी कर रहे शिक्षकों की नए सिरे से जानकारी मांगी गई है। यूपी में शिक्षकों की नियुक्ति की जांच को लेकर सख्ती की जा रही है।

भगवान श्रीकृष्ण का अपमान अक्षम्य: अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा है कि 'गोपालकों' के बारे में टिप्पणी कर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण का जो अपमान किया है वो अक्षम्य है। पहले राज खुलने के डर से अयोध्या चंदा चोरी में क्लीन चिट दी, अब भगवान श्रीकृष्ण पर वार कर रहे हैं। ये न भगवान शिव के हैं, न भगवान राम के, न भगवान कृष्ण के और न ही देवी अहिल्याबाई के।

सनसनी : तीन सगे भाई-बहनों की 72 घंटे में मौत

मलिहाबाद, संवाददाता। मलिहाबाद के खंडसरा गांव में चार दिनों के भीतर एक ही परिवार के तीन बच्चों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। तीनों बच्चों को पहले हल्का बुखार आया। इसके बाद अचानक तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि मौत के समय तीनों बच्चों के नाक और मुंह से खून निकला था।

किसान आशीष कुमार के सबसे छोटे बेटे दिव्यांश (3) की नौ नवंबर को दोपहर करीब ढाई बजे खेलते समय अचानक तबीयत बिगड़ी। हल्का बुखार आने के बाद उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में मौत हो गई। अगले दिन 10 नवंबर को बेटे कार्तिक (7) की भी इसी तरह तबीयत बिगड़ी और उसने दम तोड़ दिया। दोनों बच्चों का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। इसके बाद 10 नवंबर की रात बड़ी बेटी लक्ष्मी (10) को बुखार और पेट दर्द की शिकायत हुई। गुरुवार सुबह डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

Radico
SPIRIT OF EXCELLENCE
रेडिको खेतान लिमिटेड
CIN : L26941UP1983PLC027278
पंजी. कार्यालय : रामपुर डिस्टिलरी, बरेली रोड, रामपुर – 244 901 (उ. प्र.)
Tel. No. : 0595-2350601/2, 2350009
कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. जे–1, ब्लॉक बी–1, मोहन को–ओपरेटिव इंडस्ट्रियल एरिया, मथुरा रोड, नई दिल्ली – 110 044, Tel. No. : 011-40975444/555
E-mail : investor@radico.co.in Website : www.radicokhaitan.com

शेयर प्रमाणपत्रों के गुम होने की सूचना

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि रेडिको खेतान लिमिटेड ("कंपनी") के अधोलिखित इक्विटी शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) के गुम होने/खोने/अप्राप्य होने की सूचना प्राप्त हुई है। कंपनी को उक्त इक्विटी शेयरों के पंजीकृत धारक(कों)/दावेदार(रों) से डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) को जारी करने की प्रक्रिया हेतु अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

क्र. सं.	धारक(कों) का नाम	फोलियो नं.	इक्विटी शेयरों की सं. (अंकित मूल्य रू. 2/- प्रत्येक)	प्रमाणपत्र संख्या	डिस्टिंकटिव संख्या
1.	कनैयालाल सहिजराम भोजवानी संयुक्त रूप से रीता कनैयालाल भोजवानी	0800110	930	63064	6701506-6702435
2.	रीता कनैयालाल भोजवानी संयुक्त रूप से कनैयालाल सहिजराम भोजवानी	0800108	930	63062	6699336-6700265
3.	रतन कुमार गणेरिवाल	0019694	310	57371	3319846-3320155

उक्त शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर अपने दावे/आपत्ति को आवश्यक सहायक दस्तावेजों सहित लिखित रूप से कंपनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए"), केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड, यूनिट : रेडिको खेतान लिमिटेड, सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 व 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, सेरिलिंगमपल्ली मंडल, हैदराबाद–500032, तेलंगाना के पते पर जमा कर सकते हैं।

यदि उपर्युक्त अवधि के भीतर कोई वैध दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो कंपनी/आरटीए (रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट) पंजीकृत धारक(धारकों)/दावेदार(दावेदारों) के डुप्लिकेट प्रतिभूतियां जारी करने के अनुरोध पर, अन्य आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति के अधीन कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 तथा समय–समय पर संशोधित लागू सेबी परिपत्रों के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करेगा। ऐसी प्रक्रिया पूर्ण होने पर, मूल शेयर प्रमाणपत्र स्वतः निरस्त (रद्द) माने जाएंगे, और मूल शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में उसके बाद प्राप्त किसी भी दावे के लिए कंपनी/आरटीए उत्तरदायी नहीं होंगे। इस सूचना का प्रकाशन पंजीकृत धारक(धारकों)/दावेदार(दावेदारों) को दावा किए गए शेयरों के संबंध में कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है।

कृते रेडिको खेतान लिमिटेड
दिनेश कुमार गुप्ता
ईवीपी – लीगल एवं कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12.11.2026

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम–नवरत्न)
सीआईएनः – L74899DL1999GOI101707

30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (एकल और समेकित)

कंपनी के निदेशक मंडल ने बृहस्पतिवार 12 नवंबर, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में लेखा परीक्षा समिति की सिफारिशों पर 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दे दी है।

उपरोक्त वित्तीय परिणाम, सीमित समीक्षा रिपोर्ट सहित, कंपनी की वेबसाइट और बीएसई तथा एनएसई की वेबसाइटों पर अपलोड कर दिए गए हैं। यह [https://www.irctc.com/assets/images2/OutcomeMeetingBoardDirectors12Nov2026.pdf] पर उपलब्ध हैं और इन्हें क्यूआर कोड स्कैन करके देखा जा सकता है।

निदेशक मंडल की ओर से
हस्ताक्षर/–
राहुल हिमालियन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 10393348

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 12 नवंबर, 2026

टिप्पणीः उपरोक्त सूचना सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 47 (1) के साथ पठित विनियम 33 के अनुसार है।

आईआरसीटीसी लिमिटेड, चौथा तल, टावर–डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029